# क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता में 100 से अधिक महिला-पुरुष धावकों ने लगाई दौड़



मोहता महाविद्यालय में आयोजित अन्तर महाविद्यालय क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता ( पुरूष महिला वर्ग ) का धावकों को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ करते अतिथिगण।

■ मोहता महाविद्यालय में अन्तर महाविद्यालय क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता का आयोजन

**सादुलपुर,** (निसं)। स्थानीय मोहता महाविद्यालय की ओर से मोहता उत्सव वाटिका में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की 18वीं स्व. ओपी शर्मा (डीपीई) अन्तर महाविद्यालय क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता (पुरूष महिला वर्ग) का शुभारंभ बुधवार सुबह राजगढ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज पाठक, कोर्डिनेटर डॉ. राजवीर सिंह, अन्तरराष्ट्रीय युवा कोच जसवंत पूनियां ने धावकों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

वहीं प्रतियोगिता आयोजन सचिव अरविन्द गौड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चार जिलों जिनमें चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ व बीकानेर के महाविद्यालयों से 75 से अधिक पुरूष धावकों तथा 30 से अधिक महिला धावकों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इसी दौरान पुरूष व महिला टीमों को कुछ समयान्तराल पर 10 किलोमीटर की दौड़ के लिए रवाना किया गया। जिसके लिए महाविद्यालय के संकाय सदस्यों की अलग-अलग पांच पोस्टे भी बनाई गई थी। मीडिया प्रभारी डॉ. सी.डी. चारण ने बताया कि दौड़ के पश्चात महाविद्यालय प्रांगण में समापन समारोह में विश्वविद्यालय के नोमीनी नेमीचन्द्र शर्मा व पर्यवेक्षक जसवंत पूनियां, मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कोर्डिनेटर डॉ राजवीर सिंह ने प्रारंभ की। जिसमें सर्व प्रथम स्व. ओपी शर्मा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजलि दी गई। वहीं प्रत्येक वक्ता ने उन्हे श्रद्धाजली पूर्वक श्रद्धासुमन अर्पित किये। आयोजन के सह सचिव मनोज ढाका ने बताया कि पुरूष वर्ग में एसजीएन खालसा कॉलेज के प्रदीप कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लोहिया कॉलेज चूरू के धावक संजय कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा एसजीएन खालसा कॉलेज के धावक सुरेन्द्र जाट ने तृतिय स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग में भी एसजीएन खालसा कॉलेज की मोनिका ने प्रथम, राजकीय एनएम कॉलेज हनुमानगढ की छात्रा ममता ने द्वितीय स्थान तथा लोहिया कॉलेज चूरू की छात्रा ज्योति कस्वा ने तृतिय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता हेतु महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक जसवंत पूनियां तथा नेमिचन्द शर्मा ने प्रतियोगिता के परिणाम के आधार पर विश्वविद्यालय की पुरूष व महिला वर्ग की टीमो का चयन कर उनकी सूचि वि.वि. को प्रेषित की तथा उक्त चयननित टीमें राष्ट्रीय स्तर पर अन्तर विश्वविद्यालय की प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगी। विश्वविद्यालय पर्यवेक्षकों ने विजेता खिलाडियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र दिये। समापन समारोह के अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ संकाय सदस्य, डॉ गजेन्द्र सिंह शेखावत, प्रो. सुनिल सहारण, प्रमोद गर्ग, डॉ. सन्जू शर्मा, डॉ. सत्येन्द्र शर्मा, राजकुमार शर्मा, राजेश बासोतिया, राजेश सोनी, मो. ताहिर, प्रवीण भारद्वाज, राजपाल व अन्य संकाय सदसयगण की सहभागिता रही।

वहीं मोहता महाविद्यालय के पूर्व छात्र एंव हाल भारतीय सेना में कार्यरत राकेश स्वामी को मुख्य आथिगण एवं समारोह अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के उपप्राचार्य अरविन्द गौड़ ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पुलिस प्रशासन, कर्मवीर मेडीकल टीम के सदस्यों, संभागी पुरूष एवं महिला धावकों तथा खेल प्रशिक्षकों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मारपीट कर रुपये छीनने का आरोप

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख थाना पुलिस ने एक पीकअप चालक की रिपोर्ट पर पराली का कार्य करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ रात्रि के समय पराली ले जाते समय रास्ता रोककर मारपीट करने, व जाति सूचक गालिया देकर पहचान के दस्तावेज व 34 हजार रूपये निकालकर ले जाने के आरोप का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार चन्द्रभान ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 28 नवम्बर की रात्रि में वह हरियाणा से पिकअप में पराली लेकर जा रहा था तथा उसके साथ गाँव के ही राजेश, मांगेराम थे। जैसे ही वे ताम्बा खेडी के पास गांव के राजेश पुत्र रणवीर बेनिवाल, नरेश गाँव शिवदानपुरा बुढेर व रूघवीर पूनियां निवासी धोलिया एक राय होकर आये और उसके साथ मारपीट कर जाति सूचक गालिया दी तथा उसके कपड़े फाड दिये। आरोपियों द्वारा उसके पहचान के दस्तावेज व 34 हजार रूपये निकाल लिये। इतने में ही पीछे से चैनपुरा बड़ा की पीकअप गाडी आई, जिसमें अनिल राठौड व उसके साथियों ने बीच-बचाव कर उसे छुडवाया। आरोप है कि 29 नवम्बर की शाम को उक्त लोगों ने फिर से उसका रास्ता रोका व जाति सूचक गालिया दी। चन्द्रभान ने उक्त आरोपियों से अपनी जान को खतरा बताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

## सार-समाचार

### युवा मण्डल विकास कार्यक्रम शुरु




**उदयपुरवाटी,** (निसं)। नगरपालिका परिसर से नेहरू युवा केन्द्र झुंझुनूं के तत्वाधांन में उदयपुरवाटी ब्लॉक से युवा मण्डल विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। युवा मण्डल विकास कार्य्रक्रम टीम को चेयरमैन रामनिवास सैनी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेविका सुनीता स्वामी ने बताया कि युवामण्डल विकास कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य गांव गांव ढाणी ढाणी में सोशियल यूथ कल्ब बनाकर गांव मे विकास के लिए कार्य कर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा आमजन के लिए संचालित योजनाओ का प्रचार प्रसार करना है। इस मौके पर रमेश सैनी, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, दौलत सैनी, छाजूराम, राजेन्द्र प्रसाद सैनी, नंदलाल सैनी, सुखराम सैनी, संजय सैनी,अंजू सैनी, नरेश, सूर्यप्रकाश स्वामी, मुकेश कुमार सहित कई मौजूद थे। एनवाईवी सोनू योगी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### चिरंजीवी शिविर का उद्घाटन किया

**कोलसिया,** (निसं)।अजाड़ीकला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रेखा के निर्देशन में शिविर का उद्घाटन सरपंच सुमित्रा देवी ने किया।एकाउंटेड सुभाष चंद्र ने बताया कि शिविर में कुल 427 रोगियों की जांच कर दवा दी गई।एमएमवी टीम द्वारा 237 सर्दी,बुखार,जुकाम से पीड़ित मरीजों की कोरोना सेम्पलिंग की गई। दंत चिकित्सा के 5 व नेत्र चिकित्सा के लिए एक तरह वर्षीया बालिका को जिला अस्पताल के लिए चिन्हित किया गया।शिविर में डॉ दीपक स्योराण,डॉ स्मिता तोमर, डॉ हरफूल झाझड़िया, डॉ आसिम मुस्ताक,डॉ हर्षवर्धन,डॉ विजेंद्र सिंह,फार्मासिस्ट मो नईम,मंगलचंद की टीम ने सेवाएं दी।संस्था की विमला, विजेंद्र बुगालिया, निर्मला, अम्बिका, आशा, सुशीला आदि ने सहयोग किया। शुक्रवार को बास नानक में शिविर लगाया जाएगा।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक

**मण्डावा,** (निसं)। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा मण्डावा की बैठक बुधवार को मो. हनिफ महणसरिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मौर्चा के जिलाध्यक्ष शोकतअली चौहाण भी शामिल हुए। कार्यसमिति की बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा की अब तक की गतिविधियों की समीक्षा के बारे में जानकारी दी गई , साथ ही आगामी दिनों में गहलोत सरकार को घेरने को लेकर कार्ययोजना तैयार की जायेगी। उन्होंने बताया कि गहलोत सरकार की कई नीतियां ऐसी हैं जो अल्पसंख्यक विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांठोस सरकार ने वोट हासिल करने के अल्पसंख्यकों से कई वादे किये थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद अब उनकी अनदेखी हो रही है। बैठक में एआर मो., पार्षद मो. इब्राहिम रंगरेज, मो. अकरम नगोरी, मो. साजिद, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे ।

### महिला को कन्यादान योजना का मिला लाभ



**पाटन,** (निसं)। प्रशासन गांव के संग अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत बेगा की नांगल में मंगलवार को आयोजित किया गया। उपखंड अधिकारी व शिविर प्रभारी बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत बेगा की नांगल की विधवा महिला वीरमति देवी ने अपनी पुत्री की शादी गत 6 माह पहले की थी। वीरमति देवी को मंगलवार प्रशासन गांव के संग अभियान की सूचना प्राप्त हुई तथा शिविर प्रभारी के समक्ष मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ दिलाने की बात रखी। शिविर प्रभारी की त्वरित कार्रवा का परिणाम हुआ कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा प्रार्थीया के समस्त दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन लेकर हाथों-हाथ ऑनलाइन 41 हजार रुपए की राशि स्वीकृत कर महिला को शिविर में ही राशि उपलब्ध कराई गई। वीरमति देवी को स्वीकृति आदेश दिए जाने पर उसने प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज मेरा काम हुआ मैं बहुत खुश हूं।

### सड़क का शिलान्यास किया



**खेतड़ी,** (निसं)। कस्बे के वार्ड नं.22 तिहाड़ा रास्ते में बुधवार को नगरपालिका के द्वारा 5लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का पालिका अध्यक्ष गीता सिंह ने शिलान्यास किया । वे समारोह की मुख्यअतिथि थी तथा अध्यक्षता पार्षद सोनी देवी ने की। पार्षद लीलाधर सैनी, वेणीशंकर सैनी, महावीर प्रसाद सैनी, राहुल सैनी, विजेश सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, संतोष कुमार सैनी, सुनीता सैनी, दाताराम सैनी, अमित सैनी व प्रहलाद सैनी विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष गीता सैनी ने कहा कि आसपास के गांव को जोड़ने के लिए सड़क ही प्रमुख मार्ग होता है इस सड़क के बनने से तिहाड़ा गांव के लोगों का कस्बे में आगमन बढ़ेगा और व्यापारिक दृष्टिकोण से भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मनेश सैनी, अनीता, बदामी देवी, संतोष देवी, ज्ञानी देवी, कौशल्या देवी, मीरा देवी, लाली देवी, मंजु देवी, लक्ष्मण राजोरिया, हेमराज सैनी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# कर्मचारी सयुंक्त महासंघ ने प्रशासन शहरों व गावों के संग अभियान का बहिष्कार किया




चूरू में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन शहरों व गांवों के संग अभियान का बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन किया गया।

**चूरू,** (कासं)। जिला मुख्यालय पर बुधवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन शहरों व गावों के संग अभियान का बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया गया।

महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों के वितिय एवं प्रशासनिक हितों पर लगातार कुठाराघात किया है। चारण ने बताया कि सरकार को विगत तीन वर्ष से ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन आदि के माध्यम से राज्य कर्मचारियों की मांगों के प्रति अवगत करवाया जा रहा है। अब प्रदेश के कर्मचारियों के हितार्थ महासंघ ने आर-पार के संघर्ष का निर्णय लिया है। महासंघ के जिला मंत्री फूलेसिंह बुरडक ने बताया कि सरकार कर्मचारियों के धैर्य को कमजोर मानने की गलती न करें। उन्होंने बताया कि महासंघ द्वारा आज जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन कर कलक्टर को ज्ञापन दिया गया। महासंघ द्वारा 3 दिसम्बर तक प्रशासन शहरों के संग व प्रशासन गांवों के संग शिविरों का बहिष्कार कर उपखण्ड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों मे कमल वर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, भूपेन्द्र सिंह, निवास माली, महेन्द्र सिंह, ओमवीर सिंह कविया, रामचन्द्र, सुल्तानसिंह, मुकेश स्वामी, विजेन्द्रसिंह राठौड, विनोद कुमार, बाबू खां आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

## बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**बीदासर,** (निसं)। बीती रात को बीदासर व ढाणी कालेरान के बीच सवारी बस द्वारा पीछे से टक्कर मारने से एक 23 वर्षीय मोटर साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस थाने से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ढाणी कालेरान निवासी नोरतनराम पुत्र मेवाराम जाट ने पुलिस थाना में लिखित रिपोर्ट पेश की कि दिनांक 30 नवम्बर की शाम साढ़े छः बजे मेरा भतीजा डूंगरराम पुत्र रामूराम जाति जाट, निवासी ढाणी कालेरान व गांव का ही सुभाष पुत्र देवाराम, जो ढाणी कालेरान से बीदासर की ओर जा रहे थे कि डूंगरगढ़ से बीदासर आने वाली बस पीछे से तेज गति व लापरवाही से चलती आ रही थी कि गाड़ी ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मारी जिससे डूंगरराम की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज राजकीय चिकित्सालय में करवाया जा रहा है। पुलिस ने नोरतनराम की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा दुर्घटनाग्रस्त बस को सीज करके जब्त कर लिया है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीदासर में करवाकर शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

# शिक्षा व्यवस्था में सुधार कर विद्यालय विकास पर विचार किया



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एसडीएमसी और एसएमसी के सदस्यों की दो दिवसीय कार्यशाला में अतिथिगण ने भाग लिया।

**सादुलपुर,** (निसं)। अंचल के सबसे बड़े सरकारी विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एसडीएमसी और एसएमसी के सदस्यों की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता पार्षद प्रतिनिधि मनीराम गनोलिया ने की। वहीं मुख्य वक्ता नोडल प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया तथा मुख्य प्रशिक्षक वरिष्ठ व्याख्याता अजय शर्मा थे। नोडल प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि आयोजित कार्यशाला में 6 विद्यालयों के 36 संभागी प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हुए। इस कार्यशाला का मुख्य बिंदु विद्यालय में सुचारू प्रबंधन व्यवस्था और छात्र-छात्राओं का शैक्षिक उन्नयन तथा शैक्षिक क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नवाचारों का प्रयोग कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार कर विद्यालय विकास हेतु आवश्यक योजना पर विचार किया गया। पूनियां ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वे विद्यालय विकास हेतु आगे आए तथा एसडीएमसी और एसएमसी के सदस्य होने के नाते अपनी भूमिका को समझें और तदानुसार विद्यालय विकास हेतु कार्य करने का प्रयास करें ताकि विद्यालय के शैक्षिक भौतिक और प्रबंधन व्यवस्था में आवश्यक सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि वह स्वयं भी आगे आए और अभिभावकों को भी प्रेरित करें।

# वंचित आवाज का प्रगटीकरण ही साहित्य का ध्येय : गोठवाल

**चूरू,** (कासं)। साहित्य का प्रमुख ध्येय वंचित, दलित, दमित, शोषित, पीड़ित, उपेक्षित की आवाज को मुखरता से प्रकट करना और उनके दुख, दर्द, पीड़ा, संत्रास को अभिव्यक्त कर शोषक की आत्मा को झकझोरना और बदलना ही साहित्य का पुनीत ध्येय होना चाहिए। अंजन, मनोरंजन के लिए लिखा गया साहित्य शिल्प-कौशल के स्तर पर जिक्र योग्य माना जा सकता है परंतु उसका सामाजिक बदलाव में कोई योगदान नहीं होता। मनोरंजन के या फिर आल्हाद के कुछ क्षण वह साहित्य दे सकता है, परंतु सामाजिक क्रांति का भाग नहीं बनता।

उक्त विचार प्रयास संस्थान के ऑनलाइन कार्यक्रम 'मुलाकात' में बुधवार को राजस्थानी भाषा के ऊर्जावान साहित्यकार, कॉलेज शिक्षक उम्मेद गोठवाल ने व्यक्त किए। गोठवाल ने संस्थान अध्यक्ष दुलाराम सहारण के साथ हुए संवाद में कहा कि राजस्थानी भाषा में अभी वंचित और शोषित की आवाज को उचित स्थान मिलना शेष है। यह कार्य वंचित, दमित तबके से आए युवा पूरी ऊर्जा से लगकर पूरा कर सकते हैं। यह ग्लानिबोध का समय नहीं, आत्म गौरव की जागृति का समय है। जिन शब्दों या जिन जातीय समूह को हेय दृष्टि से देखने का जो षड्यंत्र समाज ने वर्षों से रचा है, उसे तोड़ने का समय है। स्वयं के शब्द, स्वयं की जाति, तबके, वर्ग और स्वयं के पेशे से शर्मिन्दा नहीं होना बल्कि गौरवान्वित होना है। मेहनतकश अपने पसीने की कमाई खाता है, अतः शर्मिंदगी की वहां कोई गुंजाइश नहीं होती। गोठवाल ने अपनी कृति पेपलौ चमार और च मानी चमार का जिक्र करते हुए कहा शाब्दिक व्यंजना मात्र से आपत्ति करने वाले लोग यह भूल जाते हैं कि इन शब्दों में ही हमारा गौरव, अभिमान व इतिहास छुपा है।

## 65 वीं राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में भाग लेने टीम रवाना

**मण्डावा,** (निसं)। 65 वीं राज्य स्तरीय 14 वर्षीय छात्रा वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने झुंझुनू जिले की टीम मंडावा के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक स्कूल से बुधवार को रवाना हुई। अतिथियों ने टीम के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अठिाम जीत की शुभकामनाएं दी। विद्यालय से प्रमोद आबूसरिया एडीओ प्रारंभिक शिक्षा झुंझुनू एवं विद्यालय निदेशक सुरेशचंद्र तेतरवाल ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। 65 वी राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 2 से 6 दिसंबर तक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगापुर सिटी (सवाई माधोपुर) में आयोजित होगी। छात्रा वर्ग झुंझुनू जिले की टीम सुश्री निर्मला शारीरिक शिक्षक टीम प्रभारी एवं नेमीचंद शारीरिक शिक्षक आबूसर के साथ रवाना हुई।

# कलेक्टर ने फसल बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



कलैक्टर सांवरमल वर्मा ने बुधवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**चूरू,** (कासं)। कलैक्ट्रेट परिसर में जिला कलैक्टर सांवरमल वर्मा ने बुधवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कम्पनी के जिला प्रबंधक को इन प्रचार रथों का कार्यक्रम सभी विधान सभा सदस्यों, जिला प्रमुख, प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को देने के लिए निर्देशित किया। कृषि उप निदेशक दीपक कपिला ने बताया कि प्रधानमंत्राी फसल बीमा योजना रबी 2021-2022 के लिए आगामी 25 दिसम्बर तक 7 वैनों के माध्यम से व्यापक प्रचार किया जाएगा।

उन्होंने कृषकों से अपील की है कि वे अपनी फसलों का समय पर बीमा करवायें। उन्होंने बताया कि जो ऋणी कृषक रबी मौसम में फसल बीमा से अलग होना चाहते हैं वे संबंधित बैंक में लिखित में घोषणा पत्र 24 दिसम्बर 2021 तक उपलब्ध करवाएं। उन्होंने बताया कि जो ऋणी कृषक बीमित फसल में परिवर्तन करवाना चाहते हैं, इसकी अंतिम तिथि 29 दिसम्बर 2021 है तथा रबी मौसम के लिए ऋणी व गैर ऋणी किसानों के लिए फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2021 निर्धारित की है। इस अवसर पर कृषि अधिकारी महेन्द्र सिंह, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कम्पनी के प्रबंधक रूचिन द्विवेदी व नीतिश कुमार उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी तथा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं : इंजी. ढूकिया



भाजपा कार्यकर्ता संवाद सेतु कार्यक्रम में मंचासीन इंजी. प्यारेलाल ढूकिया व अन्य ।

■ मण्डावा में आयोजित संवाद सेतु कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया

**मण्डावा,** (निसं)। भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है तथा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में हर समय कार्यकर्ताओं को तवज्जो मिली है तथा उनके सहयोग से ही भारत में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सामान्य कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने केन्द्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका प्रचार प्रसार करने तथा पात्र व्यक्तियों को उसका लाभ पहुंचाने की बात कही। साथ ही प्रदेश कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर करने, जन समस्याओं को लेकर आंदोलन करने, जनविरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर भाजपा की नीतियों, सिद्धांतों, कार्यक्रमों, गतिविधियों की जानकारी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा में परिवारवाद नहीं, बल्कि पार्टी का आधार सेवा, संकल्प व समर्पण पर टिका हुआ है। उन्होंने भाजपा की गतिविधियों व कार्यक्रमों से अवगत करवाया। इजीं. ढूकिया ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने मण्डावा में आयोजित संवाद सेतु कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी दिलाया। इस मौके पर भाजपा नेता संदीप शर्मा, मण्डावा जीएसएस अध्यक्ष नारायण, राजेन्द्र, एसएन इन्दोरिया आदि मंचासीन अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**सादुलपुर,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घणाऊ में एसएमसी व एसडीएमसी सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर माँ सरस्वमी वंदना के साथ शुरू हुआ। वहीं प्रधानाचार्य रोहताश सिहाग ने आगन्तुक सदस्यों का स्वागत किया तथा विद्यालय प्रबन्ध समिति की विद्यालयों में भूमिका तथा कार्यक्लाप के बारे में विस्तार से बताया। सदर्भ व्यक्ति सुमेर सिंह जांगिड़ ने एसएमसी व एसडीएमसी के विद्यालयों में कर्तव्य निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा तथा राज्य सरकार द्वारा राजकीय विद्यालय में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। व्यवस्थापक राकेश गोठवाल ने समावेशित शिक्षा तथा बालिका शिक्षा पर प्रकाश डाला। विद्यालय के राजेश कुमार, सुरेश कुमार, जगराम मीणा, कुलदीप चाहर, संदीप चौधरी, किरण भाटी, सरोज, अनिता, सुनिता, मन्जू कुमारी, जगदीश मीणा, अमित जांगिड़ आदि ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

# मुकदमा दर्ज नहीं करने पर पीड़ित महिला ने एसपी से गुहार लगाई

**सादुलपुर,** (निसं)। हमीरवास थाने के गांव जनाऊ मिठी निवासी एक महिला ने जिला पुलिस अधीक्षक चूरू को प्रार्थना पत्र पेशकर मारपीट के मामले में हमीरवास थाना पुलिस के खिलाफ कार्यवाही नहीं करने की शिकायत पेश की है।

महिला का आरोप है कि मारपीट की घटना के बाद आरोपीगण गाडियों में सवार होकर भाग गये तथा हमलावरों में से एक महिला एवं एक युवक पीछे रहे गये। इसी बीच पुलिस को फोन कर दोनों को पुलिस के सुपूर्द कर दिया। लेकिन पुलिस द्वारा पीडित महिला एवं उसके पुत्र को थाने ले गई तथा उसके पुत्र के कपडे उतरवाकर हवालात में बैठा दिया। जिस पर महिला द्वारा अपने पुत्र को छुडवाने व मुकदमा दर्ज करवाने गई तो थानाधिकारी हमीरवास ने मुकमदा दर्ज करने से मना कर दिया। महिला ने एसपी को शिकायत कर 15-20 महिला पुरूषों द्वारा हथियारों से लैंस होकर आने व गालिया देकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

प्रकरण अनुसार जनाऊ मिठी निवासी एक महिला ने शिकायत में बताया है कि 30 नवम्बर को वह और उसकी पुत्रवधु अपने घर में थे तथा परिजन शादी में गये हुए थे। इसी बीच उनके घर पिकअप बोलेरों में सवार होकर 15-20 महिला व पुरूष आये तथा गाडी से कुल्हाड़ा, कस्सी, लोहे की रोड़ गाड़ी से निकालकर उनके घर में घूसे और आते ही लात घूसों से मारपीट करने लगे एवं उसके कपड़े उतार कर फैंक दिये। इसी बीच उसकी पुत्रवधू में कमरे के अन्दर घुसकर गेट बन्द कर लिया। तभी उक्त लोगों में से आरोपी मक्खन, सुरेश व प्रदीप ने कुल्हाड़े से कमरे का गेट तोडकर कमरे में घुस गये तथा उसकी पुत्रवधू को घसीटते हुए मारपीट करते हुए ले जाकर पीकअप के पीछे की तरफ पटक दिया और गेट बन्द कर दिया। इसी बीच उसकी पुत्रवधू के चिल्लाने पर उसके परिजन व आस पड़ौस के लोग दौडकर आते देख आरोपी हमलावर गाडियों में भाग गये।